हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जुलाई 2024



06 नौलखी मंदिर में प्रभु जगन्नाथ को लगाया ...



08 स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में ...



## खबर संक्षेप

### समिति की बैठक आज

**विदिशा।** पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए गठित जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के बाद होगी। जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति स्तर पर आवेदनों के सत्यापन हेतु अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी।

### पार्थिव शिवलिंग निर्माण व कथा का आयोजन



**विदिशा।** 20 से 30 जुलाई तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण कथा के संबंध में नंदवाना स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में लक्ष्मीनारायण दंडोतिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि स्वर्णकार कालोनी स्थित विनायक वैंक्यूट हॉल में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण होगा और दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा होगी। समापन पर 30 जुलाई की शाम शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 24 जुलाई दोपहर 1 बजे अग्रवाल धर्मशाला से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो मुख्यमार्ग होते हुए विनायक वैंक्यूट हॉल पहुंचेगी।

### न्यू जज कॉलोनी फीडर से बंद रहेगी बिजली

**विदिशा।** न्यू जज कॉलोनी फीडर पर आज मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह 9 से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान फीडर पर मेंटनेंस का कार्य किया जाएगा।

### ठगी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** दीपनाखेड़ा पुलिस ने ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 4 लाख 20 हजार रुपए की मशरूका जब्त किया गया। दीपनाखेड़ा के ग्राम ऊमरखेड़ी से दो महिलाओं अनारवाई पत्नी देशराज आदिवासी व गयाबाई पत्नी रमेश आदिवासी से कपड़ा बेचने वाली अज्ञात महिला ने लकवाग्रस्त पति व मानसिक विक्षिप्त बच्चे का देशी जडी बूटी से इलाज करने के नाम पर ठगी की थी। फरियादिया बताए स्थान पर पहुंचकर आरोपी गोविन्द पुत्र रामेश्वर गौंड उम्र 40 वर्ष निवासी वरायठा रोड शाहगढ जिला सागर को गिरफ्तार किया गया।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का फीता काटकर शुभारंभ किया

# हर बच्चा आगे बढ़े इसलिए केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही: सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रविवार को विदिशा आए। उन्होंने गुरारिया हवेली कालापाठा रोड स्थित शासकीय कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का फीता काटकर शुभारंभ किया।

मंत्री विश्वास सारंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में शिक्षा का सर्वोच्च स्थान है। देश में हर बच्चा पढ़ लिखकर आगे बढ़े इसी उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित किए गए हैं, जिनका राज्यों द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र देश का पहला राज्य है जहां मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई मातृ भाषा हिन्दी में कराई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा के उपक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि देश को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 2020 से नवीन शिक्षा नीति प्रारंभ की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने शिक्षा के उन्नयन का कार्य किया है। आज संपूर्ण मप्र में सीएम राइज स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में प्रायवेट स्कूलों जैसी सुविधाओं के साथ-साथ अच्छी शिक्षा बच्चों को प्रदान की जा रही है। इसी तर्ज पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की गई है। युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की गई है।



**विदिशा।** स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित मंत्री विश्वास सारंग ने फीता काटकर कॉलेज का शुभारंभ किया।

### कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए बस सेवा का भी शुभारंभ किया

मंत्री विश्वास सारंग ने पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए शुरू हुए बस वाहन सेवा का भी शुभारंभ किया। मंत्री री सारंग, विधायक मुकेश टंडन ने बस को हरी झंडी दिखाकर बस सेवा की शुरूआत की। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मनोज कटारे मौजूद रहे। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बच्चों को शिक्षा प्राप्ति के लिए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। युवाजनों को बेहतर शिक्षा मिलेगी ताकि हमारा देश हर क्षेत्र में युवाओं के सशक्त होने से शक्तिशाली और समृद्धशील बनेगा। हमारा देश 2047 तक दुनिया का सबसे ताकतवर देश बने इसके लिए गांव, शहर के युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। हमारे प्रदेश के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर देश विदेश में अपना नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने पौधरोपण भी किया।

### मेडिकल की शिक्षा हिन्दी में देने वाला मप्र पहला राज्य: मंत्री पटेल

विदिशा। चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल रविवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने मप्र और छत्तीसगढ़ राज्य के कॉलेजों के डीन, प्रोफेसरों और व्याख्याताओं से मुलाकात की। मंत्री पटेल ने कहा कि मप्र देश का पहला राज्य है जहां देश की मातृभाषा हिन्दी में चिकित्सा शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश से यह आयोजन किया जा रहा है उससे निश्चित ही मप्र गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुझावों पर प्रदेश में अमल लाने का प्रयास किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के डीन मनीष निगम ने अतिथियों का स्वागत किया। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मेडिकल कॉलेज में अमरुद का पौधा लगाया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा के अतिरिक्त आयुक्त आईएएस डॉक्टर पंकज जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्लांटेशन में लाखों खर्च किए पौधे कहीं नजर नहीं आ रहे



**शमशाबाद।** बागड़ लगाकर वन भूमि पर कब्जा कर रहे किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

जंगल में प्लांटेशन के नाम पर वन विभाग हर साल लाखों रुपए की राशि खर्च करता है।

हर वर्ष वन विभाग अधिकारियों को टारगेट दिया जाता है। जिससे वह बिगड़े वन सुधार, अतिक्रमण की आशंका वाली जगह, पर योजनाओं के माध्यम से पौधे लगाकर उनकी पांच से दस वर्ष तक देखभाल करने के लिए तार फेंसिंग, चौकीदार तक का खर्च वन विभाग को सरकार देती है। वन विभाग के अधिकारी पौधरोपण में लाखों रुपए खर्च तो करते हैं लेकिन देखरेख और सुरक्षा को लेकर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। प्लांटेशन में लगाए गए पौधों में अधिकारियों, कर्मचारियों के बीच पैसों की हिस्सा बांटी में पौधों की बलि चढ़ा दी जाती है। जांच में कागजी खाना पूर्ति करके उनकी पूर्ति कर दी जाती है, क्योंकि की जांच भी वही अधिकारी कर्मचारी करते हैं जो इस हिस्सेदारी में शामिल होते हैं।

शमशाबाद वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पिछले पांच से दस वर्ष के बीच लगाई गई प्लांटटेंशन उजड़ गई हैं उनमें लगाए गए लाखों पौधे अब केवल उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। उनमें नाम मात्र के हरे पौधे बचे हैं उन्हें भी ग्रामीण काटकर बागड़ लगाने में ले जा रहे हैं। तार फेंसिंग से तार जाली गायब है खंबे टूटे पड़े हैं। पौधों को काटकर सफाई कर खेत बनाए जा रहे हैं। वन परिक्षेत्र के वर्धा, भगवानपुर व पैगयाई में पांच से दस वर्ष पूर्व लगाई गई प्लांटटेंशन में अब नाममात्र के पौधे बचे हैं।

### गणना नहीं हुई

पिछले 5 वर्ष में जो पौधे लगाए गए हैं उनकी गणना रायसेन उत्पादन वालों को करना है। अतिक्रमण हटाने कार्रवाई करेंगे। - **ओमकार सिंह मार्सकुले, डीएफओ विदिशा**

# किसानों को तेज बारिश का इंतजार शमशाबाद में सबसे कम बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पिछले एक हफ्ते से अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे लोगों को शनिवार को कुछ राहत मिली थी। शनिवार को दोपहर में कुछ देर के लिए बारिश हुई, लेकिन रविवार को फिर से तीखी धूप निकली। किसान तेज बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। 30 जून और 5 जुलाई को जोरदार बारिश हुई थी जिसके बाद से बारिश का दौर थमा हुआ है। किसानों ने बताया कि जुलाई का दूसरा सप्ताह खत्म हो रहा है, धान की अच्छी पैदावार के लिए जुलाई का पहले या दूसरे सप्ताह में ही रोपाई हो जाना चाहिए, मगर पानी नहीं गिरने से पूरे क्षेत्र में धान की रोपाई न के बराबर हुई है। जिन लोगों के पास पर्याप्त पानी है। वह तो जैसे- तैसे गढ़े में पानी भरकर धान की रोपाई कर रहे हैं। वहीं अच्छी बारिश नहीं होने से धान के गढ़े नहीं भरा पा रहे हैं, जिसके कारण धान की फसल की लेट बुआई होगी।

मौसम विभाग की माने तो अब आने वाले दिनों में अच्छी बारिश हो सकती है। 16 जुलाई से एक नया सिस्टम बन रहा है जिसके बाद जिले में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। 24 घंटे के दौरान 1 से 2 इंच तक बारिश हो सकती है।



### पिछले 24 घंटे में कहां कितनी हुई बारिश

पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 119.5 मिमी बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान विदिशा में 1.0 मिमी बारिश, बासोदा में 1.8 मिमी बारिश, कुरवाई में 31.2 मिमी बारिश, सिरोंज में 4.0 मिमी बारिश, लटेरी में 10.5 मिमी बारिश, ग्यारसपुर में 3.0 मिमी बारिश, गुलाबगंज में 22.0 मिमी बारिश, नटेरन में 30.0 मिमी बारिश, शमशावाद 0.0, पठारी में 16.0 मिमी बारिश हुई।

### एक साल बाद भी नहीं मिली सहायता राशि, भटक रहा परिवार

**कस्वा बागरोद।** ग्राम के मजदूर परिवार के एकलोते बेटे अर्जुन अहिरवार की विगत वर्ष कुएं में डुबने से मौत हो गई थी। जिसकी पीएम रिपोर्ट, सहित समस्त दस्तावेज पीड़ित परिवार कई बार पटवारी एवं तहसील कार्यालय में जमा कर चुका है, लेकिन आज तक आर्थिक सहायता के तहत मिलने वाली 4 लाख की राशि परिवार को नहीं मिली। परिवार दर दर भड़कने मजबूर है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि नौ वर्ष का एकलोता बेटा हमने खो दिया। आर्थिक सहायता राशि न आने पर सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की तो हल्का पटवारी ने यह कहते हुए शिकायत बंद करा दी की राशि आ जाएगी। कागज कलेक्टर कार्यालय में भेज दिए। तबसे परिवार पटवारी और तहसील के चक्कर लगा रहे है मगर कोई निराकरण नहीं किया जा रहा।

# पौधारोपण के दौरान डिप्टी रेंजर चक्कर खाकर गिरीं, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उदयगिरि में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान एक महिला अधिकारी की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

बता दें कि पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है इसी को लेकर रविवार को उदयगिरी में स्थित जंगल रिजॉर्ट में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां न्यायाधीशों ने पौधरोपण किया। दोपहर में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डिप्टी रेंज ममता उपाध्याय उदयगिरि पहुंची और वह कार्यक्रम में शामिल हुईं तो अचानक से उनकी तबीयत खराब हो गई और वह चक्कर खाकर गिर गईं। तत्काल उन्हें एक न्यायाधीश की गाड़ी से विदिशा लेकर आए। जहां उन्हें मेडिकल कॉलेज मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। डिप्टी रेंजर किरण सूर्यवंशी ने बताया कि न्यायाधीशों का उदयगिरि में पौधरोपण कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान ममता उपाध्याय मैडम की तबीयत खराब हो गई और वह चक्कर खाकर गिर पड़ी। एक न्यायाधीश की गाड़ी से उन्हें मेडिकल कॉलेज में लेकर आए जहां उन्हें भर्ती किया गया है, उनका इलाज चल रहा है।



# पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर पसरी है सीवर लाइन की गंदगी

## पोस्टमार्टम कक्षा के पास कई सालों से पसरी है गंदगी, प्रसूति वार्ड के पीछे बायोमेडिकल बेस्ट भी पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला अस्पताल परिसर में बायोमेडिकल कचरा बढ़ता जा रहा है, जिसकी सफाई नहीं होती। वहीं दूसरी ओर वार्ड के नीचे पोस्टमार्टम कक्ष के आसपास कई सालों से गंदगी पसरी है। जिसे साफ करने के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहे। पूर्व कलेक्टर के प्रयास से यहां सफाई का दावा किया गया था। सीवेज की गंदगी को बाहर आने से रोकने के लिए व्यापक व्यवस्था करने की बात भी की गई थी, लेकिन चार महीने बीतने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। जिसके कारण पीएम के दौरान परिजनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं अस्पताल में बोयोमेट्रिक बेस्ट के उठाव की भी स्थिति ठीक नहीं है। कई कई दिनों तक कचरा पड़ा रहता है और तेज हवा चलने पर यहां कचरा यहां वहा बिखर जाता है। इस कचरे को व्यवस्थित करने और पीएम रूप के बाहर की गंदगी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।



**विदिशा।** अस्पताल में सालों से पसरी इस गंदगी को नहीं किया जा रहा दूर।

# 20 बिजली उपभोक्ताओं पर 54 लाख बकाया

## बिजली कंपनी की सख्ती: चौराहे पर लगाया बड़े बकायदारों के नाम का बैनर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बिजली कंपनी की कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया। कंपनी ने लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं करने वालों के नाम उजागर कर दिए हैं। जिनसे बिजली कंपनी को लाखों रुपए वसूलना है उसने उनके नाम का बैनर शहर के मुख्य चौराहा पर लगवाया दिया है।

शहर जोन वन में 26 हजार उपभोक्ता हैं। जिसमें से बिजली कंपनी को 6 करोड़ 50 लाख राशि वसूलनी है, उसमें से मात्र 68 लाख की वसूली हो पाई है। काफी कोशिशों के बाद भी जब वसूली नही हों पा रही है, तो अब कंपनी ने ये सख्त रुख अपनाया है।

कंपनी ने 20 बड़े बकायदारों की सूची सार्वजनिक करते हुए, इनके नाम का होडिंग चौराहे पर लगाया है। इन लोगों से कंपनी को 54 लाख रुपए वसूलना है। हालांकि इसे देखकर आम लोगो में नाराजगी देखी गई। उनका कहना था कंपनी आम लोगो का एक दो माह का बिल जमा नहीं करने पर लाइन काट देती है वहीं इन लोगो के ऊपर लाखों रुपए की छूट कैसे दे दी।

कंपनी के एई राहुल ठाकुर ने बताया कि विदिशा में 26 हजार उपभोक्ता है, इस माह साढ़े 6 करोड़ रुपए वसूली का लक्ष्य मिला है। अब तक 68 लाख की वसूली हो पाई है। बिजली बिल के बड़े बकायदारों से बिजली का बिल जमा कराने का प्रयास किया गया, पर जब उन्होंने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो कम्पनी ने अब 20 बड़े बकायदारों के नाम सार्वजनिक किए हैं। आम लोगों से अपील की जाती है कि समय पर बिजली का बिल जमा करे ताकि किसी भी असुविधा से बचे।

**इस माह साढ़े 6 करोड़ वसूली का लक्ष्य मिला है। अब तक 68 लाख की वसूली हो पाई है।**

# रोटरी क्लब का अधिष्ठापन समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




रोटरी क्लब विदिशा के नए सत्र 2024 25 का शपथ विधि समारोह नगर के विनायक बैंक्विट हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी रोटरी इंटरनेशनल 3040 के सुशील मल्होत्रा एवं नॉमिनी सुशील भंडारी शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में रहे। विषेश अतिथि के रूप में मनोज जैन असिस्टेंट गवर्नर रहे। रोटरी चतुर्विध मंत्र का वचन रोटेरियन डॉक्टर अनिकेत प्रचार ने किया। नए अध्यक्ष रोटेरियन दीपेश यादव सचिव शांतनु खत्री और नई कार्यकारिणी को क्लब के पदाधिकारी ने रोटरी परंपरा अनुसार शपथ दिलाई गई। सम्मान समारोह मैं स्वागत उद्बोधन रोटरी क्लब कर पूर्व अध्यक्ष आनंद जैन ने सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया पूर्व सचिव राजू साहू द्वारा रोटरी क्लब द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपेश यादव ने अपने उद्बोधन में बताया मैं 15 वर्ष पूर्व में रोटरी क्लब में आया और आज मुझे क्लब के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष पद दायित्व सौपा है।

# भाजपा कार्यालय में तीनों मंडलों की बैठक आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को भाजपा कार्यालय में दुर्गानगर, बेस नगर और वेत्रवती मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम, शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ता सम्मेलन, पोलिंग एजेंट एवं बूथ अध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित करने पर चर्चा की गई। वहीं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी साधु संत महात्मा धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह आयोजित करने, महिला जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित करने, कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। यह सभी कार्यक्रम शक्ति केंद्र प्रभारी शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक एवं मंडल के पदाधिकारी सहित जन प्रतिनिधियों के सहयोग से भव्य रूप से आयोजित किए जाएंगे।



विधायक मुकेश टंडन ने विधानसभा व लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय के लिए भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। आगामी 20 जुलाई से मतदाता धन्यवाद यात्रा में सभी ग्रामीण व शहर के मतदाताओं का आभार व्यक्त करना है। सर्वप्रथम ग्रामीण क्षेत्र से यह धन्यवाद यात्रा आरंभ होगी। बैठक में स्वतंत्रता सैनानी पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता बाबुलाल ताम्रकार का स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई। आगामी कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही भाजपा की आजीवन सहयोग निधि की रसीद काटकर संगठन एवं अपने मंडल अध्यक्ष को जमा करना है। संगठन की रसीद पुस्तकों का वितरण पूर्व में ही किया जा चुका है। इस राशि से भाजपा के कार्यालय व्यवस्था एवं संगठन के व्यय के लिए होती है इसमें हम सभी को सहयोग देने का आग्रह भाजपा वरिष्ठ नेता बाबूलाल ताम्रकार द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### नगर में 206 मिमी औसत बारिश दर्ज हुई

गंजबासौदा। जिले में एक जून से लेकर अब तक 280.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है जबकि जिले की औसत वर्षा 1075.50 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि अब तक गंजबासौदा तहसील में बासौदा में 206 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। नगरवासी एवं किसान तेज बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हुए हैं।

### शराब के लिए रुपए न देने पर की मारपीट

गंज बासौदा। फरियादी मंदीप यादव उम्र 25 साल निवासी राजेंद्र नगर ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वह किसी काम से घर से बाजार की ओर जा रहा था तभी आरोपी फिरोज खान ने शराब के लिए रुपए मांगे जब रुपए देने से मना कर दिया तो उसने रॉड से हमला कर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी मंदीप की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 119 एक, 115 दो, 296, 351 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### नगर पालिका ने कराई साफ सफाई



गंज बासौदा। मोहर्रम कमेटी द्वारा नगर पालिका के सहयोग से शहर की सभी दरगाहों, मजारों, सवारियों के स्थानों आदि पर सफाई कराई जा रही है। नपाकर्मियों द्वारा सभी जगह सफाई की जा रही है।

### रथ यात्रा महोत्सव पर आयोजित भजन संध्या में आनंदित हुए श्रद्धालुगण

# नौलखी मंदिर में प्रभु जगन्नाथ को लगाया गया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रथ यात्रा महोत्सव के चलते स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पर विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र भक्तों की सेवा और सत्कार से आनंदित हैं। जहां उनको प्रतिदिन नए-नए व्यंजनों के साथ पकवानों का 56 भोग अर्पित किया जा रहा है। वहीं नगर के अलावा अन्य शहरों की भजन मंड़लिया भी महाप्रभु को प्रतिदिन राग सेवा के रूप में भजन सुनाने पहुंच रही हैं। रथ यात्रा के समय नगर भ्रमण कर महाप्रभु जगन्नाथ देवशयनी ग्यारस तक अपनी मौसी के घर विराजमान रहते हैं। नगर के भजन गायक ब्रजराज अग्रवाल द्वारा बीती रात नौलखी मंदिर पर भजनों की रंगारंग शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे सुनकर महाप्रभु के भक्त और श्रोता आनंद से सराबोर होकर नाचने मजबूर हो गए। जगन्नाथपुरी में जिस तरह महाप्रभु को गोपी गीत सुनाकर रात्रि में शयन कराया जाता है उसी तरह नौलखी मंदिर पर भी विराजमान महाप्रभु को नगर के भजन गायक सुधांशु झा द्वारा रात्रि को शयन के समय गोपी गीत सुनाया जाता है।

ज्ञात हो कि स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर महाप्रभु जगन्नाथ भगवान की मौसी का घर कहलाता है। रथ यात्रा महोत्सव के दौरान बेतवा घाट स्थित नौलखी आश्रम से महाप्रभु जगन्नाथ रथ पर बैठकर नगर भ्रमण कर 12 दिन तक भक्तों को दर्शन देने के लिए अपनी मौसी के घर विराजमान रहते हैं। रथ यात्रा के बाद से ही प्रतिदिन नौलखी मंदिर महाप्रभु की भक्ति में डूबा हुआ है। महाप्रभु जी को प्रतिदिन स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग लगाया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक नौलखी खालसा के महंत राम मनोहर दास महाराज द्वारा भक्तों को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की कथा का श्रवण कराया जा रहा है। वहीं रात्रि के समय नगर के अलावा नगर ग्रामीण क्षेत्र के अलावा विदिशा भोपाल की भजन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देने पहुंच रही हैं। रविवार को ब्राह्मण दल द्वारा महाप्रभु को 56 भोग की प्रसादी अर्पित की गई। विदिशा से आए भजन गायक घनश्याम एवं नारायण महाराज की भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं रविवार को नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज द्वारा नगर के पत्रकारगणों द्वारा धार्मिक आयोजनों में अपना सहयोग प्रदान करने पर उनका सम्मान किया गया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी का वितरण कार्यक्रम रात्रि तक चलता रहा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।







## संयुक्त संचालक से भेंट कर रखी अपनी मांगें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर प्रवास पर आए लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त संचालक डीएस कुशवाह से विश्राम गृह में मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तेनगुरिया ने मुलाकात कर उनका गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और अपनी मांगे रखीं। तेनगुरिया ने विदिशा जिले में राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग के शिक्षकों की लंबित प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति के जल्द आदेश जारी कर शेष रहे लोकसेवकों को उच्च प्रभार दिए जाने की मांग की। उन्होंने सिरोंज विकासखंड के छूटे सहायक शिक्षकों के भी क्रमोन्नति आदेश करने एवम कोर्ट में चल रहे प्रकरणों के निर्णय की प्रत्याशा में एरियर्स का भुगतान करने की भी मांग की। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त सेवानिवृत प्राचार्य बलवीर सिंह तोमर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, दीपक शर्मा, रोमल मरखेड़कर, हेमंत श्रीवास्तव, मनीष सोनी, शुभम कुशवाह, शुभम माथुर आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय रेल के रेलवे सुरक्षा बल में लगभग 35 वर्ष तक निरंतर सेवा देने के पश्चात पिछले दिनों गंजबासौदा से प्रधान आरक्षक पद से रिटायर्ड हुए दिगंबर सिंह के सेवा निवृत्ति के उपलक्ष्य में शनिवार रात्रि को आरपीएफ स्टाफ द्वारा आरपीएफ बैरक परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आरपीएफ स्टाफ सहित भारतीय रेल के अन्य विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों द्वारा पूर्व प्रधान आरक्षक दिगंबर सिंह को फूल मालाओं एवं उपहारों से सम्मानित किया गया। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनकी दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की।

## त्योंदा मंडल की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी त्योंदा मंडल की बैठक सांस्कृतिक भवन त्योंदा में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित मध्यप्रदेश विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्योंदा मंडल प्रभारी शैलेंद्र रघुवंशी सहित त्योंदा मंडल के अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में कहा गया है कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस है, जिसमे कारगिल युद्ध के विजय सैनिकों का सम्मान प्रीतिमा स्थलों पर स्मारकों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, 28 जुलाई को मन की बात कार्यकर्म को सामूहिक रूप में सभी बूथों पर सुना जाए, 23 जून से 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी कार्यकर्ता बंधु अवश्यक रुप से पौधे लगाएं।

## श्रमदान दल ने दो स्थानों पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पौधारोपण अभियान 3.0 के तहत इन दिनों श्रमदान द्वारा चलाए जा रहे जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान द्वारा रविवार को दो अलग-अलग स्थान पर कुल पांच पौधे लगाए गए। जन सामान्य को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं पौधारोपण से जोड़ने के उद्देश्य प्रारंभ किए गए जन जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान दल द्वारा 85 पौधे जन सहयोग से लगाने का लक्ष्य रखा गया था।

रविवार सुबह दल द्वारा 85 पौधों की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए गुलमोहर, नीम एवं बील सहित कुल तीन पौधे संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय परिसर में तुरंती लाल शुक्ला, केदारनाथ शुक्ला एवं महाविद्यालय की प्रोफेसर सुमन विश्वकर्मा निवासी विदिशा के सहयोग से रोपे गए। जबकि अशोक प्रजाति के दो अन्य पौधे सुकेश डेरिया अध्यक्ष वस्त्र व्यवसाई संघ के सहयोग से डेरिया हैंडलूम हाउस बरेठ रोड पर रोपित किए गए। महाविद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रवीण शुक्ला शिक्षक सी एम राइज स्कूल द्वारा ली गई, तो डेरिया हैंडलूम हाउस के समक्ष लगाए गए दोनों पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ऋतु डेरिया द्वारा ली गई। नदी जल स्वच्छता व संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए पिछले साढ़े तीन वर्षों से कार्य कर रहे नगर के युवाओं के संगठन श्रमदान दल निरंतर लोगों से नदियों को स्वच्छ रखने में सहयोग करने, अनावश्यक जल की बर्बादी को रोकने और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनको संरक्षित करने की अपील कर रहा है। साथ ही इस बारिश नगर वासियों से श्रमदान दल आव्हान कर रहा है कि आप अपने जन्मदिन, अपने माता-पिता भाई बहनों के जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अपने पूर्वजों एवं प्रिय जनों की पुण्य स्मृति में ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करे और उनको संरक्षित भी करे। क्योंकि सिर्फ पौधे लगाने से पर्यावरण संरक्षित नहीं होगा उसके लिए हर एक नागरिक का दायित्व है कि वह एक एक पौधे को संरक्षित भी करें। रविवार को संपन्न हुए पौधारोपण कार्यक्रम में श्रमदान दल के सदस्यों के अलावा तुरंती लाल शुक्ला, केदार नाथ शुक्ला , प्रवीण शुक्ला, सुकेश डेरिया, अर्थ डेरिया, ऋतु डेरिया एवं दोनों परिवारों के मित्र जन उपस्थित रहे ।



## ग्रामीणों ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश में 23 जून से 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसके तहत नगर सहित ग्रामीण अंचलों में जागरुक नागरिक वृहद् रुप से पौधरोपण कर रहे हैं। जिससे पर्यावरण को हराभरा बनाया जा सके तथा बढ़ती गर्मी, बारिश की कमी सहित ग्लोबल वार्मिंग को कुछ हद तक कम किया जा सके। इसी तहत ग्राम फूफैर में सरपंच प्रतिनिधि तेजप्रताप सिंह लाला बना, जितेंद्र कुशवाह, पवन, मुकेश सहित अनेक ग्रामीणों ने पौधरोपण किया।


### प्रसूति गृह में रुपए मांगने की शिकायत, पुलिस कर रही जांच



गंजबासौदा। नगर के शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय के प्रसूति गृह में प्रसूताओं और उनके परिजनों से रूपए मांगे जाने की शिकायतें आम हो चली है। अब रूपए न देने पर अभद्रता एवं मारपीट की भी शिकायतें आने लगी हैं। रविवार को भी ऐसे ही एक प्रकरण में दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिरावदा निवासी सरस्वती बाई ने बताया गया कि शुक्रवार को उसकी बहू के प्रसव के बाद स्टॉफ एवं दाईयों ने पैसों की मांग की तो उन्होंने पैसे दे दिये, रविवार को वार्ड में सफाई करने आई सफाई कर्मी द्वारा भी पैसों की मांग की गई। जिस पर पैसे न देने पर प्रसूता की बेड सीट नहीं बदली एवं सफाई भी नहीं की गई। उसके बाद उसके एवं परिजनों के साथ मारपीट एवं अभद्रता की गई। जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। वहीं चिकित्सालय प्रभारी द्वारा भी एक आवेदन देहात थाने में दिया गया है जिसमें प्रसूता के परिजनों द्वारा चिकित्सालय स्टाफ के साथ अभद्रता की शिकायत की गई है। देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया का कहना है कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए है जांच की जा रही है।

### क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक आयोजित

गंजबासौदा। गजानन माता मंदिर में रविवार को क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें में सर्व सहमति से प्रताप सिंह राय कोटरा को जिलाध्यक्ष एवं युवा जिलाध्यक्ष रोहित परिहार करारी को चुना गया। बैठक में समाज के ग्रामीण जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह परिहार एवं जिले की समस्त तहसीलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठजन, बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।



### सांसद बनने के बाद पहली बार उदयपुर मंडल की बैठक संपन्न

## सागर सांसद पहुंचीं नीलकण्ठेश्वर महादेव की शरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सागर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की चुनी हुई प्रत्याशी डॉक्टर लता वानखेड़े रविवार को सांसद बनने के बाद पहली बार उदयपुर पहुंचीं। बैठक के पूर्व सागर सांसद लता वानखेड़े उदयपुर चौराहे से पैदल नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचीं जहां उन्होंने भगवान नीलकण्ठेश्वर महादेव का जल अभिषेक कर, पूजन अर्चन की। तत्पश्चात वह बैठक में सम्मिलित हुईं, उनके साथ कुरवाई विधायक भी शामिल हुए। बैठक में सांसद लता वानखेड़े ने पहले कार्यकर्ताओं एवं जनता का आभार व्यक्त किया। उसके बाद उन्होंने कहा कि मुझे जनता ने चुनकर अपना विश्वास जताया है। मैं उनके विश्वास पर बिल्कुल खरी उतरूंगी और जनता की सेवा में कोई भी किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ूंगी, मेरे लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी क्षेत्रों का विकास बहुत तेजी से कराया जाएगा। जिसमें उदयपुर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी, जैसा कि जनता ने मेरे ऊपर विश्वास भरोसा जताया है वैसे ही मैं इस विश्वास पर खरी उतरूंगी।

वहीं कुरवाई विधायक ने भी सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता का आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि जनता ने लगातार तीसरी बार उन पर अपना विश्वास जताया है जिसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि उदयपुर की विकास के लिए किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी, उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही वह विदिशा में वर्चुअल बैठक में सम्मिलित होने गए थे, वहीं पर पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी से उदयपुर कॉरिडोर के विषय में चर्चा हुई थी। जिसमें उदयपुर के जल्द कायाकल्प बदलने की तैयारी सरकार द्वारा चल रही है। उदयपुर मंडल महामंत्री सचिन शर्मा ने मांग की कि उदयपुर में संस्कृत मांगलिक भवन एवं सुलभ शौचालय बनवाया जाए। जिसमें विधायक एवं सांसद ने तत्काल तहसीलदार को निर्देशित किया एवं कहा कि दोनों के लिए जगह देखकर तत्काल से काम लगाया जाए।

### युवक ने लगाई फांसी

गंजबासौदा। रविवार को गणेशपुरा निवासी राहुल चौरसिया उम्र 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी, जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले आए। जहां उसे उपचार दिया गया। उधर इस मामले की तहरीर अस्पताल से पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच की, लेकिन तब तक युवक को परिजन ले गए थे।

## एलबीएस कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्र शक्ति सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् द्वारा छात्रशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा उपस्थित रहीं। जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में 18 विद्यालयों के 1000 से अधिक मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने बताया कि उच्च शिक्षा के संस्थानों में भारतीयता के आधार पर परिसर संस्कृति का विकास हो एवं आज का छात्र कल का जिम्मेदार नागरिक बने। इस हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निरंतर काम कर रही है। चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, मूल आधारित शिक्षा, स्वायत्वता, मातृभाषा में शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश, पाठ्यक्रम में व्यवहारिकता, रोज़गार सृजन करने वाली शिक्षा, शिक्षा व्यवसाय न होकर सेवा का माध्यम आदि के सैद्धांतिक धरातल के विकास के साथ व्यावहारिक प्रयोग करने आदर्श प्रतिमान खड़े करने की दिशा में भी ठोस कार्य अभाविप ने किया है। आज देश का विद्यार्थी देश व समाज के उत्थान में अपना योगदान दे यह संकल्प विद्यार्थी वर्ग में करने का कार्य अभाविप कर रहा है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण से यह स्पष्ट है कि हम अपनी पारंपरिक बातों से जुड़े रहते हुए,आधुनिक समय में आगे बढ़ना चाहते है।



## सिरोंज पत्रकार महासंघ की बैठक आयोजित

# नवीन पदाधिकारियों की घोषणा व संगठन को मजबूत करने को लेकर की गई चर्चा

### पत्रकार महासंघ के सदस्यों ने पौधरोपण कर बताया मानव जीवन में पेड़ों का महत्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कुरवाई रोड स्थित अनुश्री होटल में पत्रकार महासंघ के बैठक आयोजित की गई। जिसमें नवीन पदाधिकारियो की घोषणा एंव संगठन की मजबूती को लेकर विषेष चर्चा की गई। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सेनानी ने नवीन पदाधिकारियो के नाम की घोषणा करते हुए सरंक्षक मण्डल की घोषणा की। जिसमें सरंक्षक गण वरिष्ठ पत्रकार सलमान खान,नसीम खान,षैलेन्द्र रघुवंशी, वसीम अख्तर, तोषमणी पंथी कन्ना भाइया को संरक्षक चुना गया। इसी के साथ उपाध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ पत्रकार जफर उल्लाह खान,महा सचिव जुनैद खान,सचिव अरबाज खान शेखू,प्रवक्ता सुनील नगीना को मनोनित किया गया। इस मौके पर पत्रकार महासंघ के नवीन पदाधिकारियो का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सामाजिक क्षेत्रो में कार्य करना पड़ेगा और आम नागरिको के बीच में पहुचकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना होगा। आने वाले समय में बडे स्तर पर पौधरोपण का कार्य विषेष हिस्सेदारी करकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर महासंघ द्वारा पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही आम नागरिको की अनेको समस्याओं के लिए अपनी लेखनी के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो तक पहुचाया जाएगा।

**बैठक के उपरांत होटल परिसर में किया पौधरोपण**

इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान ने कहा कि वर्तमान समय में मौसम बहुत अनुकूल है। लोगों में जन चेतना जन उत्साह है। इसको देखते हुए सभी से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं। इससे पर्यावरण संरक्षण करने में सहयोग करें। वही पत्रकार सलमान खान ने कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। आज कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखरेख भी करें। साथ ही उन्होंने बताया कि पेड़ ही जीवन है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे नहीं हों तो हम सब सांस नहीं ले सकते। इसलिए बेहतर जीवन के लिए हम सब को पौधों को लगाने और उन्हें बचाने का संकल्प लेना चाहिए। पत्रकार वसीम अख्तर ने कहा कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान को होती है, पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। हालांकि वक्त के साथ सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इस कदर हो रहा है कि समय से पहले की सभी संसाधन खत्म हो सकते हैं। ऐसे में मनुष्य के लिए पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा। इसी मुश्किल को हल करने के लिए प्रकृति प्रदत्त चीजों का संरक्षण करने की आवश्यकता है। पत्रकार जफर उल्लाह खान ने कहा कि जंगल काटकर हम शहर बसा रहे हैं। लेकिन काटे गए जंगल व पेड़ो के बदले नए पेड़ नहीं लगा रहे हैं। इससे मौसम भी बिगडऩे लगा है। न पहले जैसी बारिश हो रही है, न गर्मी में तापमान में हर साल होने वाली बढोत्तरी रुक रही है। ऐसे में पौधे लगाकर ही हम पर्यावरण व मौसम को सुधार सकते हैं। हर व्यक्ति को पौधे लगाना चाहिए। पत्रकार तोषमणी पंथी ने कहा कि सबसे ज्यादा पेड़ शहरों के विस्तार में कटे हैं। लेकिन इन काटे गए पेडो की जगह नए पेड़ नहीं लगाए गए। जिससे तापमान व बारिश का असंतुलन हो गया है। उन्होने कहा कि पौधे लगाकर हम आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित पर्यावरण दे सकते हैं। जिसे हमें समझना चाहिए और जिम्मेदारी निभाई चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रजी खान, अरबाज खान शेखू, इरफान मंसूरी,जुनेद खान,नरेन्द्र बडसेना,तबरेज आलम, बब्लू यादव, वकार आजम, चेतन पंथी आदि पत्रकारगण मौजूद रहे।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

# मंडलों के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होगा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी संगठन की मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को गणेश सदन में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्ययोजना बनाकर चर्चा गई। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करने पहुँचे जिला महामंत्री मुकेश तिवारी ने प्रदेश संगठन के द्वारा मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी के बाबजूद कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से भाजपा ने पूरे प्रदेश की उनतीस लोकसभा पर विजय का परचम लहराया है। भाजपा के कार्यकर्ता पूरी प्रमाणिकता के साथ सातों दिन चौबीसों घंटे काम करते है जिसका मूल कारण हमारे संगठन की गतिशीलता है हम सभी राष्ट्र के वैभव के उत्थान और जनकल्याण की भावना से काम करने वाले संगठन के कार्यकर्ता है इसलिए प्रदेश संगठन ने यह तय किया है कि आने वाले दिनों में मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। शक्ति केंद्र के इन सम्मेलनो में बूथ पर सक्रिय रूप से काम करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ बूथ अध्यक्ष,महामंत्री,पंच परमेश्वर की टोली के साथ निवासरत जनप्रतिनिधिगणों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा आगामी गुरुपूर्णिमा पर अपने मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले मठ मंदिरों की साफ सफाई के साथ वहाँ के पुजारियों संतो का पूजन सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में मंडल केंद्र के पदाधिकारियों से उन्होनें बृहद स्तर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान को समाज के सभी वर्गों तथा संस्थाओं के सहयोग से तेज गति से किए जाने का भी आव्हान किया। उन्होंने 26 जुलाई विजय दिवस को सैनिकों के सम्मान में आयोजित करने की भी बात कही। बैठक में भूमिका वक्तव्य देते हुए वरिष्ठ नेता रमेश यादव ने कहा कि हम अभी विश्व के सबसे बड़े राजनेतिक दल के कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। हमने अगर प्रदेश की सभी लोकसभा सीट जीतने का काम किया है तो वह केवल बूथ पर परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले समर्थ कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत का परिणाम है। हमने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर पंडित नेहरू का रिकार्ड तोड़ने का काम किया है। इसके पूर्व बैठक शुभारंभ भारत माता,डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं डीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सुमंत मित्तल आभार हरिचरण अहिरवार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल कार्यसमिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह निकाह सम्मेलन में 525 वर-वधू बंधेंगे परिणय-सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

15 जुलाई को बालाजी मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है, सभी तैयारियां इस हिसाब से की गई है कि विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधू और उनके परिजनों को कोई असुविधा न हो, इसलिए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा की जा रही तैयारियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले जोड़ों के पंजीयन के लिए चार अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं जिसमें पहले काउंटर में 1 से लेकर 130 तक, दूसरे काउंटर पर 131 से लेकर 260, तीसरे काउंटर पर 261 से लेकर 390 तक और चौथे काउंटर पर 391 से लेकर 525 तक जोड़ों के पंजीयन किए जाएंगे ताकि वैवाहिक जोड़ों का पंजीयन किया जाएगा इसके लिए काउंटर पर संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं।

**प्रातः 10 बजे से शुरू होंगे वैवाहिक कार्यक्रम**

वर्षा के मौसम को देखते हुए वैवाहिक कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होंगे और पहले राउंड में लगभग 120 जोड़े एक साथ हवन वेदियों के सामने बैठकर मंत्रो उच्चारण के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे, इस प्रकार पूरे सम्मेलन के दौरान कुल चार राउंड होंगे जिसमें समस्त जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर निगम द्वारा फुल वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है, जिसमें समस्त



## विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

**सिरोंज।** ग्राम पंचायत भौरिया में विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एडीजे सुरेन्द्र मेश्राम,न्यायधीश अंकिता जैन,न्यायधीश सुश्री पल्लवी,पैरालीगल वालंटियर छगन सिंह राजपूत सहित भौरिया हाई स्कूल स्टाफ, आंगनबाडी कार्यकर्ता,ग्राम पंचायत सचिव,सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामवासियो अनेक की समस्या का निराकरण कराया गया।

## पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शोक व्यक्त किया

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी सागर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार बरकड़े के निधन पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने शोक व्यक्त किया है। सिंह ने कहा है कि बरकड़े के दुखद निधन से पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है।

## परमानंद अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष बने



**लटेरी।** रविवार को अहिरवार समाज की बैठक में अहिरवार समाज कल्याण समिति बड़ी मदागन के अध्यक्ष का चयन किया गया। पूर्व में रेंजर रहे व भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा लटेरी मंडल के ब्लॉक अध्यक्ष परमानंद अहिरवार का नाम सामने आया। जिसके बाद लटेरी ब्लॉक के 50 से अधिक गांवों से आए समाजजन ब लटेरी नगर के लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए परमानंद अहिरवार को सबसे अच्छा निर्णय बताया और सर्व सहमति से परमानंद अहिरवार को समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष ने अपनी समिति की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष अमरसिंह अहिरवार, ओरन सिंह अहिरवार लटेरी, मूलचंद अहिरवार नेवली, फूल सिंह अहिरवार आनंदपुर, हीरालाल अहिरवार लटेरी, गुमान सिंह अहिरवार लटेरी को बनाया गया। साथ ही कोषाध्यक्ष रामकिशन अहिरवार, सचिव हरिनारायण अहिरवार को चुना गया। सह सचिव कालूराम अहिरवार को बनाया गया।

# रात में 3 घंटे झमाझम, सड़क पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



आषाढ़ का महिना समाप्त होने वाला है, क्षेत्र के निवासी किसान जोरदार झमाझम बारिश को तरस रहे थें। बीती रात बादलों का भारी गर्जना, बिजली की चमक दमक के साथ लगभग 3 घंटों तक हुई झमाझम बारिश से चिन्ताग्रस्त किसानों के चेहरे खिल उठे। दूसरे दिन रविवार को भी दिन भर बारिश का मौसम बना रहा। तेज बारिश के कारण हमेशा की तरह नगर की मुख्य सड़क पर जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति में वाहनों का आना जाना होता रहा।

**नदी नालों में आया पानी**

जून एवं जुलाई के 15 दिनों में इतनी बारिश नहीं हुई, कि नदी नालों में पानी भरे परंतु बीती रात हुई बारिश से नदियों में धार चलने और बरसाती नालों में पानी भरने की स्थिति बन गई। नदी नाले सूखे बने रहने से हैंडपंपों, ट्यूबवेलों का जल स्तर नहीं बढ़ पा रहा था। नदियों नालो में पानी आने से आने वाले दिनों में गिरा भू-जल स्तर उपर आने की संभावना बनने लगी है।

**मुख्य सड़क पर भरा पानी, सड़कें नालियां साफः** रात में लगभग 3 घंटे तक हुई जोरदार झमाझम बारिश से मुख्य सड़कों पर पानी भर जाने की स्थिति बनी। पानी की अधिकता से नालियों में भरा कचरा गंदगी निकल जाने के साथ सड़को पर फैली मिट्टी, धूल कचरे की अपने आप सफाई होने से सुबह नगर की सड़के स्वच्छ साफ बनी रही। मुख्य सड़क पर दीनदयान परिसर से कब्रिस्तान चौराहे तक सड़क पर 6 इंच से अधिक भरे पानी में वाहनों की जोखिम भरी स्थिति में आवागमन होता रहा। नगर की अन्य सड़कों पर भी जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति का सामना निवासियो को करना पड़ा।

# विद्युत बिल की राशि जमा नहीं की तो होगी कुर्की की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

विद्युत मंडल लटेरी ने सर्वाधिक राशि वाले बकायदाओं की सूची तैयार कर चौक चौराहों पर लगना प्रारंभ कर दिया है विद्युत मंडल लटेरी से मिली जानकारी के अनुसार 25 ऐसे विद्युत बिलों के ऐसे बकायेदार हैं जिनकी बकाया राशि 50 हजार से अधिक है विद्युत विभाग द्वारा इन बकायदाओं को कई बार सूचित भी किया जा चुका है इसके बावजूद भी उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत मंडल लटेरी की राशि जमा नहीं की है विद्युत मंडल द्वारा बताया गया कि जून माह 2024 की स्थिति में सर्वाधिक बकाया राशि वाले 25 उपभोक्ता हैं जिनकी राशि सर्वाधिक है और यह अभी तक जमा नहीं की गई है इन 25 उपभोक्ताओं के नाम, पता, राशि सहित सूची तैयार कर चौक चौराहों पर लगाई जाएगी इसके बावजूद भी अगर राशि जमा नहीं की जाती है तो कुर्की एवं न्यायिक कार्रवाई की जाएगी।

**पोस्टर चस्पा किए**

लटेरी के चौराहों पर 25 बड़े बकायदारों की सूची को पोस्टर लगाकर चस्पा किया जाएगा इसके बावजूद भी अगर राशि जमा नहीं की जाती है तो कुर्की एवं न्यायिक कार्यवाही की जाएगी।

**नीरज गुप्ता,** जेई लटेरी

## जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी पर लगाया ठगी का आरोप

**सागर।** अभिनंदन नगर, रजाखेड़ी निवासी अंकित कुमार जैन, अजीत कुमार जैन और अन्य के द्वारा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी लेखपाल अनीता जैन के विरुद्ध 25 लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगाकर अपराध पंजीबद्ध कराया गया। शासकीय नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी की गई है।

## खंडराज सीरावाड़ा के बीच ट्रेक्टर ट्राली व बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, महिला, बच्ची घायल

**बरेली।** बीती रात जब संपूर्ण क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई, बारिश रुकने के बाद ग्राम खंडराज, सीरावाड़ा के बीच ट्रेक्टर ट्राली ने बाइक की टक्कर में चालक युवक सिद्धार्थ रघुवंशी की मृत्यु हो गई। बाइक पर पीछे बैठी छोटी बाई और पूनम को घायल अवस्था में सिविल अस्पताल लाया, जहॉ उपचार हो रहा है। पुलिस में घटना पर नये कानूनी धाराओं के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर घटना के बाद से गायब हुए ट्रेक्टर ट्राली और चालक की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने राघवेन्द्र रघुवंशी की रिपोर्ट पर बाइक को टक्कर मारने वाले ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध धारा 281, 225ए, 106(1) के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मार्गो की हालत खराब खस्ताहाल बनी हुई है। बारिश से पूर्व इन नर्मदावर्ती ग्रामों की सड़को पर रेत से भरी ओव्हर लोड ट्रेक्टर ट्रालियों का चौबीसों घंटों परिवहन होने से सड़कें क्षतिग्रस्त और गड्डो में तब्दील हो गई है।

## विधायक सप्रे ने खजूरिया ग्राम में किया पौधरोपण

**कुरवाई।** मप्र सरकार की पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजना एक पेड़ मां के नाम# थीम के अन्तर्गत विधायक हरि सिंह सप्रे ने मेहलुआ पंचायत एवं झागर पंचायत के खजूरिया ग्राम में वृक्षारोपण किया । विधायक हरि सिंह सप्रे प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरपंचों को प्रोत्साहित कर रहे हैं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है क्योंकि कि वर्तमान में वातावरण में तापमान की लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ सुरक्षित वातावरण देने के लिए वृक्षों का होना जरूरी है। इस अवसर पर एसडीम मनोज प्रजापति एवं सीईओ आयूष अग्रवाल द्वारा पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण किया जाए। पौधों को सुरक्षित रखने पर्याप्त व्यवस्था की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रत्येक नागरिकों एवं किसानों को जागरूक किया जाए। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि महाराज सिंह ठाकुर वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह रघुवंशी, शासकीय महाविद्यालय समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, मेहलुआ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, मनोहर दुबे, झागर सरपंच कुमारी वर्षा राजपूत, मेहलुआ सरपंच प्रतिनिधि गोबिंद सिंह दांगी, दीपक तिवारी, देवेंद्र चौहान, केशव सिंह दांगी, संजीव रघुवंशी,कमलेश साहू उपस्थित रहे।

# तेज बारिश से नर्मदा, तेदौनी, बारना, घोघरा, इक्यावन नदियों के किनारे के गांवों में जल भराव की स्थिति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



भले ही वर्तमान समय में कम अल्पवर्षा के कारण नदिया और नाले अपनी सीमा में हो परंतु जब भी लगातार तेज बारिश होती है, तो क्षेत्र की नदियो नालो के किनारे बसे ग्रामों के निचले हिस्सो में जल भराव की दुखदायी परेशानियों भरी स्थिति बनती है। पिछले दिनों बारिश बाढ़, जल भराव से निपटने आपदा प्रबंधन के लिए, तहसील के सभा कक्ष में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें बाढ़, जल भराव की स्थिति में बचाव सहायता जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

नर्मदा नदी में जब भी जल स्तर बढता है। बरगी डेम से पानी छोड़ा जाता है। और स्थानीय स्तर पर लगातार जोरदार बारिश होती है तो नर्मदा मैया का पानी किनारे बसे लगभग दो दर्जन ग्रामों के निचले हिस्सों में भर जाने की स्थिति बनती है। क्षेत्र की सभी प्रमुख नदियां, बारना, घोघरा, तेदौनी, इक्यावन नदियो के साथ दर्जनों ग्रामीण नालों का पानी नर्मदा मैया में ही पहुंचता है।

**बाढ़, जल भराव वाले ग्रामः** जब भी नर्मदा मैया में बाढ़ बरगी डेम से पानी छोड़ा जाता है। स्थानीय स्तर पर लगातार जोरदार बारिश होती है तब नर्मदा किनारे के साथ बारना, घोघरा, तेदौनी, इक्यावन नदियों के साथ बडे बरसाती नालों में बाढ़ की स्थिति बनती है। अधिक बारिश और बारना बांध का जल स्तर अधिक होने पर बारना बांध के गेट खोल कर भी पानी नदी में छोड़ा जाता है। इस स्थिति में नर्मदा किनारे बसे ग्राम अलीगंज, बरहा कलां, मांगरोल, सोजनी, सतरावन, डूमर, सर्रा, घाट पिपरिया, बगलवाडा, सेमरी घाट, मोतलसिर के निचले हिस्सो में जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति बनती है।

तेदौनी नदी के किनारे बसे ग्राम उंटिया, छबारा, बेगनिया, बाग पिपरिया और घोघरा बारना नदियों के किनारे बसे ग्राम समनापुर जागीर, चारगांव, टिप्पा सेमरी, धनाश्री, मेहरागांव खुर्द, जनकपुर, खपडिया, दहलवाडा, ताम्बाखेड़ा सहित अन्य ग्रामों के निचले हिस्सों, पुल पुलियों पर जल भराव, बाढ में डूबने से आवागमन की परेशानी बनती है।

**नगर में भरता घोघरा नदी का पानी**

जब भी क्षेत्र में भारी बारिश होती है, बाड़ी स्थित बारना बांध के गेट खोले जाते है। और पानी छोड़ा जाता है। तो घोघरा, बारना नदियों में बाढ की स्थिति से नगर के निचले हिस्सो होली चौक, ईदगाह, मुक्तिधाम, नरसिंह टेकरी, के आसपास जल भराव की स्थिति बनती है। नदी रोड, हौली चौक के मकानो में बाढ़ का पानी भर जाने से परिवारों को नुकसानदायक स्थिति का सामना करना पड़ता है। एसडीएम संतोष मुदगल के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बाढ़ बचाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बचाव दलो का गठन भी किया।

# कन्याशाला में व्यवहार न्यायाधीश ने रोपे पौधे

## पौधरोपण प्रकृति को बचाने का विकल्प हैः बिलवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर में जहॉ एक ओर एक पेड मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण का सिलसिला बना हुआ है। वही दूसरी ओर विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा ग्रामो के साथ नगर में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।

नगर की शा. कन्या हासे स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश शर्मिला बिलवार द्वारा छात्रों, स्कूल स्टाफ के साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। कन्याशाला प्रांगण में आम, जामुन, पीपल, बरगद, अमरूद, अशोक इत्यादि के फलदार एवं छायादार पौधो को लगाने सक्रिय बनी रही।

**पौधरोपण प्रकृति को बचाने का विकल्पः** इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश बिलवार ने कहा कि प्रकृति को बचाने का विकल्प पौधरोपण है। प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने के साथ उनकी रक्षा का संकल्प लेना जरूरी है। कहा कि वृक्षो से निकली आक्सीजन हमारी प्राण वायु है। और वृक्ष ही पर्यावरण को ठीक बनाये रखने में मददगार होते है। पौधरोपण कार्यक्रम में प्राचार्य स्कल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ शिवनारायण सक्सेना, छात्रों की सक्रिय भूमिका बनी रही।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ मिलेगी रोजगारोन्मुखी शिक्षा- पटेल

# स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का किया शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को शहर के सागर रोड स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में इंदौर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का एलईडी से लाईव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री पटेल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप रायसेन सहित प्रदेश के सभी जिलों में 55 महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। इन कॉलेज में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट, गुणवत्तापरक, समग्र, समावेशी और रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिलेगी।

राज्यमंत्री ने नवीन शिक्षा नीति के दृष्टिगत प्रारंभ किए इन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अधोसंरचना विकास, भवन विस्तार, लैब उपकरण, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं, फर्नीचर के लिए राशि स्वीकृत की है। साथ ही नवीन पाठ्यक्रम भी स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमों में प्राचीन और भारतीय परम्परा का ज्ञान भी समाहित किया गया है। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ, भारतीय ज्ञान परंपराओं को जानने और कई रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्रधानमंत्री की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रदेश में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए जा रहे हैं। इनमें विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करते हुए गुणत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के समुचित प्रबंध किए हैं। जिससे यह महाविद्यालय प्रदेश को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। इन कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अन्य विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा करने हेतु योग्य बनाने के साथ ही हजारों साल पुरानी हमारी संस्कृति और भाषाओं के साथ विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज कुशवाह ने भी संबोधित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ इशरत खान द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में शुरू किए जा रहे नवीन पाठ्यक्रमों तथा सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ इशरत खान भी उपस्थित रहीं।

### राज्यमंत्री पटेल ने मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी के काउंटर से क्रय की पुस्तक

*प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शास.महाविद्यालय में स्थापित किए गए मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के काउन्टरष का स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने काउन्टर से "भारत का इतिहास प्रारंभ से 1250 तक" पुस्तक क्रय की तथा यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया। कॉलेज में स्थापित इस मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के काउंटर पर विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें समस्त विद्यार्थियों तथा आमजन के लिए रियायती दर पर उपलब्ध रहेंगी।*

### जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों ने किया भी कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शास. महाविद्यालय में कार्यक्रम के पूर्व एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

---

#### जिला अस्पताल से भोपाल किया रेफर

## चलती ट्रेन से गिरा युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



जिले के दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास में एक युवक ट्रेन से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं सूचना मिलते ही दीवानगंज 108 एम्बुलेंस के पीएमटी दिनेश कुमार एवं पायलट नरेंद्र ने प्राथमिक उपचार के साथ जिला अस्पताल घायल पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक गणेश शर्मा पिता राजकुमार शर्मा उम्र 20 साल निवासी भोपाल जो ट्रेन से कहीं जा रहा था। देर रात्रि 10 बजे के लगभग दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास अचानक से गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस से घायल को पहले रायसेन जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर गंभीर होने पर रायसेन जिला अस्पताल से भोपाल रेफर कर दिया गया।

डॉ दिनेश और 108 पायलट नरेंद्र शाक्या ने बताया कि राजकुमार रेलवे स्टेशन से काफी दूर गिर गया था। वह खुद गंभीर अवस्था में पैदल चलकर दीवानगंज रेलवे स्टेशन के नजदीक आ गया था। घायल की पीछे की रीड़ की हड्डी दिखाई देने लगी थी जब वह सांस छोड़ता था तो पीछे से हवा निकल रही थी।

## जिले में अब तक 229.7 मिमी औसत बारिश की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में 1 जून से 14 जुलाई तक 229.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 71.4 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2024 से 14 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 270 मिलीमीटर, गैरतगंज में 108.9, बेगमगंज में 271.5, सिलवानी में 261.2, गौहरगंज में 261, बरेली में 325.6, उदयपुरा में 275.4, बाड़ी में 253, सुल्तानपुर में 117.8 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 152.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में 24.1 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

---

## खबर संक्षेप

### सांसद दर्शन सिंह का हुआ नगर में आगमन

**सिलवानी।** नर्मदापुरम क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी का शनिवार की रात्रि को नगर आगमन हुआ। वह नगर के राय परिवार के अशोक राय के पुत्र जलज राय के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए तथा नव युगल को सफल दांपत्य जीवन की शुभकामना दी। संसद दर्शन सिंह का बैजनाथ प्रसाद राय, सुरेश कुमार राय, अशोक कुमार राय, पूर्व नप अध्यक्ष मुकेश राय आदि ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर कांता यादव सरंपच सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### मूंग खरीदी केंद्र का मंडल अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**सिलवानी।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों की मूंग तुलाई का कार्य आरंभ किया गया है। इसी कड़ी में सहकारी संस्था बीकलपुर का खरीदी केंद स्वास्तिक वेयर हाउस बीकलपुर में बनाया गया है। केंद्र पर मूंग खरीदी कार्य शुरू किए जाने के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी द्वारा तौल कांटे की पूजन अर्चना की गई। मंत्रोच्चार पंडित रामकिंकर शर्मा द्वारा किए गए। इसी क्रम में ख़रीदी की सीमा को किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने प्रति हेक्टेयर 8 कुंटल से बड़ा कर प्रति हेक्टेयर 12 कुंटल कर दिया है। किसानों से आग्रह किया हैं वह ऑनलाइन स्लाइड बुक करें और शासन के नियम अनुसार मूंग तुलाई करवाए। इस मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र रघुवंशी, मोहन मुरारी रघुवंशी, रमेश रघुवंशी नवनीत रघुवंशी, शाखा प्रबंधक प्रकाश रघुवंशी सहित कर्मचारी एव किसान बंधु उपस्थित रहे।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए पुनः पंजीयन प्रांरभ

**रायसेन।** शासकीय आईटीआई में विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु शेष सीटों पर नवीन पंजीयन, च्वाइस फिलिंग एवं आवेदन में त्रुटि सुधार 17 जुलाई तक करा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन विभाग के पोर्टल पर 17 जुलाई तक नवीन पंजीयन/ त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग करा सकेंगे। जिले में संचालित 6 शासकीय आईटीआई रायसेन, मंडीदीप, देवरी, गैरतगंज, बेगमगंज एवं सिलवानी में विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। रोजगार पाने अथवा स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवक एवं युवतियॉ जो आईटीआई में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, वह 17 जुलाई तक अपना पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग कर सकते है।

---

#### सीएमओ खुद पहुंचकर थमा रही नोटिस

## किश्त लेकर घर बनाना भूले हितग्राही, सौंपा वसूली नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका परिषद रायसेन प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किस्त लेकर मकान नहीं बनाने वाले पात्र हितग्राहियों को अब वसूली नोटिस सौंपा जा रहा हैं। यदि वे जल्द अपने आवास का निर्माण पूर्ण नहीं करते हैं तो उनसे राशि वसूल की जाएगी। राशि नहीं मिलने पर कुर्की की जाएगी।



सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि शहर में 250 ऐसे हितग्राही हैं, जिन्होंने पीएम आवास योजना के तहत पहली किस्त ली और अभी तक या तो आवास का निर्माण शुरू नहीं किया या अधूरे हैं। ऐसे हितग्राहियों के घर-घर जाकर नोटिस दिए जा रहे हैं।


सीएमओ खुद अमले के साथ जाकर हितग्राहियों को नोटिस दे रही हैं और उन्हें जल्द आवास पूर्ण करने की समझाइश भी सीएमओ ने बताया कि छह माह से अधिक समय बीतने के बाद भी आवास नहीं बनाने वालों की कुर्की की जाएगी।

## फिर कान फोड़ने लगी ध्वनि विस्तारकों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सीएम से लेकर कलेक्टर तक के आदेश बाड़ी की सीमा में प्रवेश करते ही निष्प्रभावी हो रहें है। स्थानीय प्रशासन भी इन आदेशों को तवज्जो नहीं दे रहा है। आमजन के बीच ऐसे आदेश मजाक का विषय बन कर रह गए है। आदेशों पर अमल नहीं होने से जनता परेशानी भोगने को विवश है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने के तत्काल बाद ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से धार्मिक स्थानों से ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने एवं डी.जे. सीमित आवाज में बजाने के आदेश दिए थे। शुरुआती दौर में इस पर मुस्तैदी से अमल किया गया किन्तु चंद दिनों के बाद समस्या यथावत होने के साथ-साथ इसमें विस्तार भी हो गया। नगर में बेखौफ बेरोकटोक रिहायशी क्षेत्र में संचालित मैरिज गार्डनों में देर रात तक अब ध्वनि विस्ताक यंत्रों की असहनीय शोर मचाती कर्णभिदी आवाजें





गूंज रही है। ध्यान देने योग्य है कि राज्य शासन ने पूर्व में जारी अपने आदेश में मैरिज गार्डनों को रिहायशी क्षेत्र से बाहर करने के आदेश दिए थे। परन्तु सत्ताधारियों के संरक्षण एवं घूसखोरी के बलबूते रिहायशी क्षेत्रों में बेखौफ मैरित्त गार्डन संचालित हो रहे है।

जिला कलेक्टर ने हाल ही मे आवागमन के मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाने के आदेश दिए है। इसके लिए विभिन्न स्तर पर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई है, परन्तु आवारा मवेशी आज भी आवागमन के मुख्य मार्गों पर झुंड के रूप में मौजूद है।

कहने को नगर में दो गोशाला संचालित है। कांजी हाऊस गायब हुए अर्सा बीत चुका है। नई पीढी कांजीहाउस का मीनिंग और इसकी उपयोगिता ही नहीं जानती है। गोठानों पर अवैध कब्जे है। स्थानीय प्रशासन गोठानों से कब्जे हटाने में कोई रूची नहीं ले रहा है। ऐसे में कलेक्टर का आदेश कितना प्रभावी सिध्द हो रहा है यह स्वयं विचारणीय है। आमजन के बीच ऐसे आदेश मजाक का और उपहास का विलय बन कर रह गए है।

### यह आदेश भोपाल और रायसेन तक ही सीमित होकर रह गए

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने अवैध कॉलोनियों एवं इनके कालोनाइजरों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। यह आदेश भी भोपाल और रायसेन तक ही सीमित होकर रह गए बाड़ी में प्रवेश ही नहीं कर पाए। हालांकि कृषि भूमि पर भूखण्ड काटकर अवैध कॉलोनी निर्माण के गोरखधंधे में लिप्त दलालों एवं कथित कालोनाइजरों ने सत्ताधारियों के सहयोग से नगरीय निकाय से कॉलोनी की वैधता प्राप्त कर ली है लेकिन इन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाऐं आज भी लापता है। मूलभूत सुविधाओं पर होने वाला लाखों का व्यय कालोनाइजर के बजाये नगरीय निकाय भोग रहा है। इससे कालोनाइजर को लाखों का मुनाफा हो रहा है तो सत्ताधारियों को मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हो रहा है। कॉलोनी के रहवासियों के हिस्से में महज परेशानी आ रही है।

#### इनका कहना है

आदेश का पालन किया जाएगा एवं जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**- प्रमोद कुमार,** तहसीलदार बाड़ी

---

## जमुनिया घाट वन परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर किया पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




जल, जंगल, जमीन व जानवरो सभी के संतुलित पर्यावरण विकास की अवधारणा है, जिसमें प्रकृति के संरक्षण के उपाय और पौधरोपण तथा भूमि कटाव व प्लास्टिक उपयोग को रोकना जंगलो को बचाना आदि महत्वपूर्ण कार्य के संरक्षण पर बल दिया गया है।

पर्यावरण व भूमि संरक्षण किए जाने के लिए वर्तमान समय में पौधरोपण वृहद स्तर पर किया जाना चाहिए, पौधरोपण किया जाना सभी का कर्तव्य है। पर्यावरण को संरक्षित किए जाने के लिए पौधरोपण अधिक से अधिक संख्या में किया जाना चाहिए। यह उद्गार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति व न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिलवानी सुनीता पचौरिया ने व्यक्त किए। रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा पर्यावरण संवर्धन एवं सरंक्षण के पंच ज अभियान अंतर्गत वन विभाग सिलवानी के सहयोग से जमुनिया घाटी सिलवानी के वन परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

यहां पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीता पचौरिया ने पौधरोपण किया। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं तथा न्यायालयीन कर्मचारियों आदि के द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधो का रोपण किया।

## खबर पर कार्रवाई, स्कूल जाने वाला रास्ता कराया साफ, कचरा भी हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

खबर का असर

ग्राम अंबाडी में सरकारी स्कूल के रास्ते पर कीचड़ और गंदगी पसरी हुई थी जिससे स्कूल आने वाले बच्चे परेशान थे जबकि जिम्मेदार स्कूल प्रबंधन न परिसर की सफाई करा रहा थे और न ही संबंधित ग्राम पंचायत इन रास्तों को ठीक कराने पर ध्यान दे रही थी। वही स्कूल ग्राउंड में भी जगह-जगह पानी भरा रहता था जिससे मच्छर मक्खी के कारण बच्चे बीमार हो रहे थे।



इसकी खबर हरिभूमि ने गुरुवार को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसको संज्ञान में लेकर दो दिन बाद ही पंचायत द्वारा स्कूल प्रांगण को साफ किया तथा प्रांगण के बाहर एक गेट भी लगा दिया गया, ताकि कोई ग्रामीण बेस्ट कचरा स्कूल के सामने ना फेंके। पंचायत द्वारा अयोध्या धाम मंदिर के सामने कचरा का ढेर लगा हुआ था उसको भी हटाया गया।

---


#### मुनि संघ की समाजजनों ने सुबह गाजे बाजे से की आगवानी

## स्वर्ग जिनालय के समान सिलवानी के जिनालयः नियमसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आचार्य श्रवण विद्यासागर महाराज से सिलवानी की अखण्ड जैन समाज ने जिनालय में इतने प्यारे श्रीजी विराजमान कराए है, यहां के जिनालय स्वर्ग के जिनालय के समान है। आश्यकता इस बात की है कि श्रावक प्रतिदिन नियम पूर्वक जिनालय पहुंच कर पूजा, अर्चना, अभिषेक कर अपने जीवन को सार्थकता प्रदान करे, समाजजन श्रीजी का धर्म ध्यान कर समाधि मरण करें।

यह उद्गार समाधिष्ट आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य निर्यापक श्रवण नियम सागर महाराज ने संबोधन में व्यक्त किए। समाजजनो के द्वारा मुनि संघ की आगवानी बाद पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में मुनिश्री ने धर्म के मार्ग का अनुसरण करने की सीख दी।




### मुनि संघ की गाजे बाजे से की आगवानी, शाम को किया विहार

सुबह के समय उत्साहित होकर अखण्ड दिगंबर जैन समाज के द्वारा निर्यापक मुनि नियम सागर महाराज, पवित्र सागर महाराज, निर्णय सागर महाराज सहित अन्य मुनिजनों की नगर में विराजमान आर्यिका आराध्यमति माता के ससंघ सानिध्य में दिगंबर जैन त्रिमूर्ति जिनालय के समक्ष भव्य आगवानी की। बजरंग चौराहा पर मुनि संघ व आर्यिका संघ का मिलन हुआ। आगवानी के बाद समाजजन मुनि संघ को जयकारा लगाते हुए गाजे बाजे ढोल नगाड़ो के साथ पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर तक लाए, यहां पर प्रवचन संपन्न हुए, तत्पश्चात मुनि संघ, आर्यिका संघ की आहार चर्या संपन्न हुई। शाम के समय मुनि संघ का नगर से विहार हो गया।

### विदिशा के लिए हुए रवाना

हालांकि समाजनों के द्वारा कुछ दिन और रुकने का आग्रह मुनि संघ से किया गया, लेकिन विहार के लिए उठ चुके कदम आग्रह के बाद भी नही थमे। बता दे कि मुनि संघ का चातुर्मास विदिशा में होना तय है, इसी कारण मुनि संघ का विहार विदिशा के लिए हुआ। आगवानी, प्रवचन, विहार के समय बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

#### आमखेड़ा आरएफ में किया पौधरोपण

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वन विभाग ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सामान्य वन मंडल रायसेन परिक्षेत्र पश्चिम की बीट सलामतपुर के कक्ष क्रमांक 345 आमखेड़ा के रिक्त स्थान पर रविवार को वन विभाग द्वारा पीपल के पौधों का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह यादव परिक्षेत्र सहायक, बीट गार्ड अनीता सिंह वनरक्षक, रामगोपाल मालवीय सेवानिवृत मुख्य लिपिक, समरत सिंह, लल्लन सिंह आदि उपस्थित थे। गौरतलब है कि वन विभाग सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में पौधरोपण अभियान को गंभीरता से



लेते हुए काफी अधिक संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोप रहा है और उन्होंने पौधरोपण के साथ ही पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया है। और कहा कि कहा कि धरती पर पौधरोपण कर आमजन भी अपनी सहभागिता निभाएं। और फलदार पौधों की सुरक्षा परिवार की तरह करना चाहिए।